NCR में बन रहा देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट, कब होगा चालू; क्या है खास

जेवर में एयरपोर्ट बन रहा है। इसका निर्माण स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बनकर तैयार होने के बाद यह एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा।

Mohammad Azam ● लाइव हिंदुस्तान,नोएडा

Wed, 05 Apr 2023 11:39 AM

नोएडा के जेवर में एयरपोर्ट बन रहा है। इसका निर्माण स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बनकर तैयार होने के बाद यह नोएडा अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि यह एयरपोर्ट 2024 तक शुरू हो जाएगा। यह एयरपोर्ट सिंगल रनवे और यात्री टर्मिनल भवन के साथ चालू होगा। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि इस एयरपोर्ट से साल में एक करोड़ से ज्यादा लोग यात्रा कर सकेंगे।

उत्तर प्रदेश के जेवर में बनाए जा रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर अपडेट आई है। अपडेट के अनुसार, यह एयरपोर्ट 2024 में चालू कर दिया जाएगा। देश के इस सबसे बड़े एयरपोर्ट से साल में 1 करोड़ 20 लाख लोग यात्रा कर सकेंगे। बाद में इसका विस्तार भी किया जाएगा ताकि भीड़ बढ़ने के साथ ही इस एयरपोर्ट पर सालाना सात करोड़ लोगों की यात्रा के लिए आसान बनाया जा सके।